7 स्टार इंटरनेशनल स्कूल बनी

कक्षा तीसरी

विषय हिंदी

अंक :25। समय: 1घंटा

प्रश्न दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

सुमित रोज़ सुबह जल्दी उठता है। वह सबसे पहले पौधों को पानी देता है। उसे अपने बगीचे से बहुत प्रेम है। बगीचे में कई तरह के फूल हैं — गुलाब, गेंदा, चमेली और सूरजमुखी। सुमित उन्हें ध्यान से देखता है और सूखे पत्ते निकाल देता है। उसके पापा कहते हैं कि पौधों की देखभाल करना एक अच्छा काम है, क्योंकि पौधे हमें शुद्ध हवा और सुंदरता देते हैं। सुमित सोचता है कि जब वह बड़ा होगा, तो बहुत बड़ा बगीचा बनाएगा जिसमें हर तरह के फूल और पेड़ होंगे।

1. सुमित रोज़ सुबह क्या करता है?
2. उसके बगीचे में कौन-कौन से फूल हैं?
3. सुमित पौधों के लिए क्या करता है?
4. उसके पापा ने पौधों के बारे में क्या कहा?
5. सुमित का सपना क्या है?

प्रश्न 2 सही उत्तर चुनकर लिखें(3)

1 कवि कैसे जीत गाएंगे।

क मधुर ख सुरीले ग प्यार

2 जन-जन में क्या जगाने की बात की गई है?

क नफरत ख सद्भाव ग विश्वास

3 भारत की कीर्ति_____ फहराएंगे।

क ध्वजा ख कपड़ा ग रुमाल।

प्रश्न3 शब्दार्थ लिखें। (4)

निज ,धीरज ,वक्ष, हित

प्रश्न 4 विलोम शब्द लिखें। (2)

सुंदर, कठिन, धर्म, नया

प्रश्न 5 खाली स्थान भरे। (3)

क हमें_____ से नहीं घबराना चाहिए।

ख कवि_____ माध्यम से अपनी बात हम तक पहुंचा रहे हैं।

ग कवि _____ को उन्नति गिरि कह रहे है।

प्रश्न 6 दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखे। (4)

धवजा, वकश,उनती, सोगध

प्रश्न7 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2×2)=4

क रास्ता बनाने की प्रेरणा किस प्रकार दी गई है?

ख कभी क्या सौगंध खा रहे हैं?